# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

**E-mail ID: nhmbalodabazaar@gmail.com** **Tel.phone No. -07727-223550**

क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर. / NS-2711 / 2023–24 / 4140 बलौदाबाजार, दिनांक 01 / 06 / 2023

**/ / विज्ञापन / /**

कार्यालय मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, नवा रायपुर, अटल नगर, (छ.ग.) के पत्र क्र. / NHM / HR / 2023 / NS-48 / 328 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक–04.05.2023 के परिपालन एवं आर.ओ.पी. 2023–2024 में स्वीकृति के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत बलौदाबाजार जिलें में विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अतः निम्नानुसार रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु समस्त अर्हताधारी इच्छुक छत्तीसगढ़ मूल निवासी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) में **दिनांक 01 / 06 / 2023 से 16 / 06 / 2023 समय शायं 05:00 बजे तक** केवल **पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट** के माध्यम् से आमंत्रित किये जाते है।

**रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है:–**

| कमांक | पदनाम | कार्यकम | रिक्त पद | वेतनमान | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (Essential Qualification/Recuirement) | अधिमान्य योग्यता (Preferential Qualification) | अनारक्षित | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | ANM | NHM, RBSK, NUHM | 10 | 12000 | 12th passed, ANM Passed & INC affiliated Training Centre and live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council. | | 0 | 5 | 0 | 1 | 0 | 3 | 0 | 1 |
| 2 | Nursing Officer | NHM, NRC, ICU, NUHM | 36 | 16500 | BSC. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration council. | | 8 | 11 | 2 | 4 | 2 | 4 | 2 | 3 |
| 3 | Laboratory Technician | NHM, IDSP, NUHM | 6 | 14000 | Bachelor of Medical Laboratory Technology {Bsc (MLT)} / Diploma in Medical Laboratory Technology (D.M.L.T.)/ Paramedical Course in Pathology From a Recognized institute. with Registration in CG Paramedical council. | | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Physiotherapist | NHM | 2 | 18000 | Bachelor's Degree in Physiotherapist (B.P.T.) | | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 5 | Dental Assistant | NOHP | 4 | 14000 | Matriculation from Recognized Board | **Experience**- Two years Experience in a Dental college /Clinic.Only Govt. Health Facility should be considered - Preferance can be given to candidates done 1 Year Course of lab technician (dental work retated)/ Hygenist or dental technician from medical college. | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | MO - AYUSH - Male | RBSK | 1 | 25000 | BHMS/BAMS/BUMS digree (registration from any GOI Recognized BHMS/BAMS/BUMS/AYUSH Homio,Unani Registration Board) | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | MO - AYUSH - Female | RBSK | 1 | 25000 | BHMS/BAMS/BUMS digree (registration from any GOI Recognized BHMS/BAMS/BUMS/AYUSH Homio,Unani Registration Board) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8 | Aya Bai | SNCU | 2 | 8800 | 8 th Passed | | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Cleaner | SNCU | 1 | 8800 | 8 th Passed | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Audiologist | NPPCD | 1 | 25000 | Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology(BASLP)/B.S.C. (Speech & Hearing) from RCI Recognized institute. | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Social Worker - NTCP | NTCP | 1 | 22000 | Post Graduate Degree in Sociology/Social Work (2 year regular course) or Graduate in Sociology/Social work(Regular Corse) with two years of field experience. | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Lab Assistant | IDSP | 2 | 12000 | 12th Passed with Biology with 1 year Experience in culture lab/Bacteriology | | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |

| कमांक | पदनाम | कार्यक्रम | रिक्त पद | वेतनमान | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (Essential Qualification/Recuirement) | अधिमान्य योग्यता (Preferential Qualification) | अनारक्षित | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 13 | Support Staff (Housekeeping staff) | NHM | 8 | 10000 | 8 th Passed | | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 0 |
| 14 | Security Guard | NHM | 4 | 10000 | 1. 10 th Passed. 2. Mininum 01 year experience of Security Guard in Govt./Semi Govt. /Private Institute | | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Pharmacists | NUHM | 1 | 16500 | Degree or Diploma in Pharmacy Min 50%, With Registration in Phrmacy Registration Council. | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | Accountant - NTEP | NTEP | 1 | 16000 | 1. Graduate in Commerce. 2. (Two year experience in maintenance of accounts on double entry system in a recognized Society/Institution) 3. experience in working with .Accounting software for Atleast two | 1- familiarity with audit in a recognized Society or institution 2- MBA/PGD in financial management | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Block Programme Manager | NHM | 1 | 26000 | MBA Or MSW with (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 18 | Block Manager - Account | NHM | 1 | 21000 | B.com (minimum 55%) + 1 Year Computer Diploma (PGDCA), Knowledged Tally | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 19 | Secretarial Assistant - NTEP | NTEP | 1 | 13650 | 1. 10+2 with Diploma in Comuter Application Or Equivalent Recognized by the Council for Technical Education/ DOEACC 2. Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language 3. should be well Conversant with Various Computer Programming Including MS Word, Excel, Simple Statistical Packages | At least One year Experience in Related Field | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Jr/Secretrial Assistant | NPCDCS, NHM AT BLOCK, NUHM | 4 | 12000 | Graduate with At least 1 year diploma in Computer Aplication | Desirable- Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | NHM | 4 | 12000 | 12th Pass with At least 1 year diploma in Computer Aplication | Desirable- Typing Speed of 40 w.p.m in English & local Language Data Entry Speed minimum 8000 key Depressions | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Class - IV - NUHM | NUHM | 1 | 10000 | 5 th Passed | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | H&WC Sanwari | HWC | 1 | 13500 | Any Graduate With MSW | At least One year Experience in Data Entry Work | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | H&WC Sanwari Computer Grade | HWC | 1 | 13500 | Any Graduate With PGDCA | At least One year Experience in Data Entry Work | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

छत्तीसगढ़ शासन के पत्र क. एफ 13–2/2018/आ.प्र./1–3 नया रायपुर दिनांक 22/05/2020 के अनुसार पद कमांक –02 नर्सिंग ऑफिसर के 08 पदों में से 02 पद दिव्यांग (OA,OL) हेतु आरक्षित है।

**टीप** :– 01 यह विज्ञापन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत मानव संसाधन नीति वर्ष 2018 के नियमों एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 एवं 2023–24 के आर.ओ.पी. के अनुरूप प्रकाशित किया जा रहा है।

2. उक्त विज्ञापित पदों पर नियुक्ति से संबंधित जानकारियाँ जिले के वेबसाईट www.balodabazar.gov.in में प्रकाशित की जावेगी तथा इसके संबंध में पृथक से पत्र के माध्यम् से कोई सूचना नहीं दी जावेगी। अतः समयानुसार वेबसाईट का निरंतर अवलोकन करने की जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थियों की होगी।
3. विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गए आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
4. सभी नियुक्तियां एवं चयन प्रकिया माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होंगी।

## नियुक्ति हेतु नियम व शर्तें एवं चयन प्रक्रिया

1. **आवेदन का तरीका** – आवेदन निर्धारित प्रारूप में केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किये जावेंगे। व्यक्तिगत अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. **आवेदन करने की अवधि** :– आवेदन निर्धारित प्रारूप में दिनांक **01/06/2023 से 16/06/2023** समय 05:00 बजे तक ही स्वीकार किये जावेंगे। आवेदन की अंतिम अवधि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।
3. **मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन** – अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिए। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात् दस्तावेज जाँच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी है तो उन्हें आगामी अंतिम चयन सूची में सम्मिलित नहीं किया जावेगा। चयन के पूर्व/पश्चात् किसी भी समय किसी भी पक्ष की ओर से जानकारी त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर उनका चयन निरस्त किया जायेगा।
4. **आवेदनों का परीक्षण** –प्राप्त सभी आवेदनों को विज्ञापन में निहित आवश्यक शर्तों एवं विज्ञापन में चाही गई दस्तावेज पूर्ण होने के आधार पर उम्मीदवारों की पात्र/अपात्र की सूची तैयार की जावेगी। जिसे जिले के वेबसाइट पर निर्धारित समय के लिए दावा–आपत्ति हेतु प्रकाशित किया जावेगा।
5. **पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी करना**– प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन तथा चयन हेतु आहुत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | दस्तावेज सत्यापन तथा चयन लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 01 से 10 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 5 गुना |
| 3 | 50 से अधिक | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 3 गुना |

6. **दावा–आपत्ति** – दावा आपत्ति हेतु अभ्यार्थियों को एक निश्चित समय दिया जावेगा, आवेदन में त्रुटियों की स्थिति में जिला स्तर पर चयन समिति इन दावा आपत्ति का निराकरण कर निर्णय लेगी तत्पश्चात् दावा आपत्ति एवं पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी किया जावेगा। दावा आपत्ति की तिथि के समाप्ति उपरांत किसी भी दावा/आपत्ति को स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा।
7. **आयु सीमा** – संविदा भर्ती के लिए चिकित्सकीय पदों हेतु नियमानुसार आयु दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष तथा प्रबंधकीय पदों हेतु आयु दिनांक 01.01.2023 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष से अधिक नही होना चाहिए। शासकीय एवं अर्धशासकीय सेवा में कार्यरत अभ्यर्थियों को शासन के नियमानुसार छूट की पात्रता होगी। (आयु की पुष्टि मूल अभिलेखों से परीक्षण के दौरान 8 वीं/10+2 की मार्कशीट के अनुसार की जावेगी)।

8. **पात्रता की शर्ते** –

   I. आवेदन पत्र जिले के वेबसाइट से डाउनलोड करने के उपरांत आवश्यक प्रविष्टियां स्पष्ट अक्षरों में आवेदक द्वारा स्वयं पूर्ति कर प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

   II. आवेदक को चाहिए कि विज्ञापन में दिए गए निर्देशों तथा आवेदन पत्र में दिए गये सभी खानों को भली प्रकार से देख कर एवं सावधानी पूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। यदि आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण दी जाती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी आवेदक की होगी। त्रुटि अथवा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिए आवेदन पत्र को चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा। गलत जाति प्रमाण–पत्र देने या आवेदन पत्र में जाति संबंधित गलत जानकारी भरने या अन्य त्रुटि होने पर भी चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक की उम्मीदवारी निरस्त किया जा सकेगा। अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी।

   III. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजों को अच्छी तरह से नस्तीबद्ध कर पृष्ठ कमांक अंकित करें। *आवेदन पत्र इस प्रकार निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें(1) आवेदन पत्र (2) ऑनलाइन जमा किये गये चालान की प्रति (3) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र (4) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र (5) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (6) शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षों की अंकसूची (7) अनुभव प्रमाण पत्र (8) दिव्यांगता प्रमाण पत्र (9) संबंधित डिग्री तथा काउंसील का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (10) अन्य*

*प्रमाण पत्र* । समस्त दस्तावेज की स्वयं द्वारा सत्यापित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। उपरोक्त आवश्यक दस्तावेज संलग्न नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन निरस्त करने का अधिकार चयन समिति का होगा।

IV. अस्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न किये जाने की स्थिति में चयन होने उपरांत स्थायी जाति प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा चयनित पद हेतु अपात्र माना जावेगा।

V. अभ्यर्थी, आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो राजपत्रित अधिकारी/स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकायें।

VI. आवेदकों को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। पुष्टि में निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल प्रमाण पत्र होना चाहिए।

VII. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्थान से है उस संस्थान को यूजीसी, एआईसीटीई एवं संबंधित काउंसील से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है।

VIII. समस्त पदों हेतु निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता नियमित कोर्स होने पर ही मान्य किया जावेगा, किसी भी परिस्थिति में अनियमित/Distance शैक्षणिक योग्यता को मान्य नहीं किया जावेगा।

IX. आवेदक को जिला रोजगार क़ार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि तक जीवित पंजीयन प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा। जीवित पंजीयन नहीं पाये जाने की स्थिति में आवेदन अमान्य किया जावेगा। जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

X. जन्म तिथि के निर्धारण हेतु 8 वीं/10+2 की अंकसूची ही मान्य होगी।

XI. आवेदन भरने की तिथि तक आवेदक के समस्त आवश्यक प्रमाण–पत्र जीवित (वैध) होना आवश्यक है। आवेदक को चाहिए कि आवेदन भरते समय आवश्यक सावधानी बरते अन्यथा बाद में आवेदक के द्वारा जन्म तिथि, वर्ग, विषय आदि में संशोधन मान्य नहीं होंगे।

XII. आवेदक द्वारा गलत जानकारी प्रस्तुत करने की स्थिति में चयन प्रकिया के किसी भी स्तर पर अथवा चयन के पश्चात् किसी भी समय उसकी सेवा निरस्त की जा सकती है।

XIII. **लिफाफे के उपर टॉप में अपना नाम, आरक्षण का वर्ग एवं पद का नाम स्पष्ट रूप से लिखें।** एक से अधिक पद पर आवेदन करने हेतु प्रत्येक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**9. अनुभव एवं नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र –**

I. अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्रीय अथवा छ.ग. शासन का उपक्रम) संस्था/उपक्रम/निगम मंडल का ही मान्य होगा। आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, कार्यालय का आदेश पत्र नही होने की स्थिति में अनुभव को अमान्य किया जावेगा।

II. अनुभव प्रमाण पत्र (अंको की गणना हेतु) विज्ञापित पदों पर पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु केवल शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्रीय अथवा छ.ग. शासन का उपक्रम) संस्था/उपकम/निगम मंडल का अनुभव ही मान्य होगा तथा निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गये पदों के अनुभव मान्य नही किये जाऐंगे। शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग के प्रति वर्ष का अनुभव हेतु 02 अंक एवं अधिकतम 05 वर्ष हेतु 10 अंक प्रदान किया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को पद से संबंधित कार्य अनुभव हेतु प्रति वर्ष अनुभव 03 अंक एवं अधिकतम 05 वर्ष हेतु 15 अंक प्रदान किया जावेगा। 01 वर्ष से कम के अनुभव की गणना नहीं किया जावेगा।

III. शासकीय/अर्द्धशासकीय (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) संस्था/उपकम/निगम मंडल में कार्यरत आवेदक को नियुक्त प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा जिसमें आवेदित पद तथा विभाग का स्पष्ट उल्लेख किया जाना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन अपात्र किया जावेगा।

IV. छत्तीसगढ़ शासन का पत्र क्र. एफ 1–67/2021/सत्रह/एक नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03.02.2023 के तहत् कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 06 माह तक कार्य अनुभव/सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को 06 माह का कार्य अनुभव रखने पर अनुभव के अधिकतम 10 बोनस अंक का लाभ दिया जावेगा। जिस हेतु नियुक्ति आदेश तथा नियुक्ताकर्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।

V. नर्सिंग ऑफिसर एवं ए.एन.एम. के पद हेतु ए.एन.एम./जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिन आवेदकों को 01 वर्ष का 04 अंक देते हुए अधिकतम 20 अंक प्रदान किया जावेगा।

VI. ए.एन.एम. प्रशिक्षित मितानिनों के लिए 31 दिसम्बर 2017 तक की तिथि में ए.एन.एम. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। 31 दिसम्बर 2017 के बाद उत्तीर्ण ए.एन.एम. मितानिन अनुभव अंकों के लिए पात्र नहीं होंगे।

VII. जी.एन.एम./नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों के संदर्भ में किसी भी वर्ष में उत्तीर्ण जी.एन.एम./नर्सिंग मितानीन उपरोक्त अंकों के लिए पात्र होंगे।

**10. चयन प्रकिया –**

I. **पदवार चयन प्रकिया का विवरण** –विज्ञापित पदों पर चयन निम्नानुसार विभिन्न शैक्षणिक योग्यता के कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत के मेरिट के आधार पर होगा :–

| क. | पद का नाम | चयन का आधार | | |
|---|---|---|---|---|
| | | शैक्षणिक योग्यता तथा तकनीकि शिक्षा का कुल 85 प्रतिशत | अधिकतम अनुभव का अंक | कोविड का बोनस अंक |
| 1 | ANM | शैक्षणिक योग्यता (12वी) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक एवं तकनीकि शिक्षा (एएनएम) के प्राप्तांकों के प्रतिशतो का 45 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक/20 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 2 | Nursing Officer | शैक्षणिक योग्यता (बीएससी/जीएनएम) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक/20 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 3 | Laboratory Technician | शैक्षणिक योग्यता (बीएमएलटी/डीएमएलटी/पैथोलॉजी टेक्नीशियन) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 4 | Physiotherapist | शैक्षणिक योग्यता (बी.पी.टी.) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 5 | Dental Assistant | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 6 | MO - AYUSH -Male | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 7 | MO - AYUSH -Female | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 8 | Aya Bai | शैक्षणिक योग्यता (8वीं) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 9 | Cleaner | शैक्षणिक योग्यता (8वीं) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 10 | Audiologist | शैक्षणिक योग्यता (बीएएसएलपी/बीएससी) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 11 | Social Worker - NTCP | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 12 | Lab Assistant | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 13 | Support Staff (Housekeeping staff) | शैक्षणिक योग्यता (8वीं) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 14 | Security Guard | शैक्षणिक योग्यता (10 वीं) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 15 | Pharmacists | शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 16 | Accountant - NTEP | शैक्षणिक योग्यता (Graduation) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 17 | Block Programme Manager | शैक्षणिक योग्यता (MBA/MSW) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 18 | Block Manager - Account | शैक्षणिक योग्यता (B.Com.) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 19 | Secretarial Assistant - NTEP | शैक्षणिक योग्यता (12वीं ) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 20 | Jr./ Secretarial Assistant | शैक्षणिक योग्यता (Graduation) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 21 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | शैक्षणिक योग्यता (12वीं ) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 22 | Class - IV - NUHM | शैक्षणिक योग्यता (5वीं) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 85 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 23 | H&WC Sanwari | शैक्षणिक योग्यता (Graduation) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 40 प्रतिशत अंक एवं MSW के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 45 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |
| 24 | H&WC Sanwari Computer Grade | शैक्षणिक योग्यता (Graduation) के प्राप्तांकों के प्रतिशत का 65 प्रतिशत अंक एवं कम्प्यूटर डिप्लोमा का 20 प्रतिशत अंक | अनुभव का 10 अंक/15 अंक | अनुभव का 10 बोनस अंक |

| सेक्यूरिटी गार्ड (पद क. 14) के पद हेतु |
|---|
| निम्नानुसार शर्तें लागू होंगेः– <br>• अभ्यर्थी को किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। <br>• नियमानुसार आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु 05 वर्ष की छूट होगी। <br>• अभ्यर्थी को शारीरिक रुप से स्वस्थ्य होना अनिवार्य होगा, इस हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट आवेदन के साथ ही प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। <br>• अभ्यर्थी की न्यूनतम ऊंचाई 160 सें.मी. होना अनिवार्य होगा। <br>• अभ्यर्थी को किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्था में सेक्यूरिटी गार्ड के रुप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था के अनुभव को अंक प्रदान किया जावेगा तथा **निजी संस्था के अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थी को पात्र किया जावेगा किन्तु अनुभव का अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।** <br>• अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम/शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। <br>• चयन की स्थिति में अभ्यर्थी का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जावेगा, तत्पश्चात् अंतिम चयन की कार्यवाही की जावेगी। <br>(उपरोक्त समस्त अर्हताएँ/प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं पाये जाने स्थिति में अभ्यर्थी को अपात्र माना जावेगा) |

II. उपरोक्तनुसार निर्धारित चयन प्रक्रिया में किसी एक पद हेतु एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में उन अभ्यर्थियों की जन्मतिथि को आधार मानकर आपसी वरीयता तय की जावेगी तथा अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जावेगी।

III. चयनित उम्मीद्वार को चयन उपरांत आवेदन में संलग्न किये गये सभी स्वप्रमाणित/अभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वह आवेदित/चयनित पद हेतु अयोग्य माना जावेगा।

IV. उक्त नियुक्ति का चयन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जावेगा।

V. सभी नियुक्तियाँ संविदा आधार पर वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2024 तक के लिये होगी तथा पूर्णतः अस्थायी एवं अस्थानांतरणीय है।

VI. अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर में उपस्थित होने के लिये किसी भी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

VII. अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के दौरान बुलाने का तात्पर्य यह नहीं होगा कि उनका चयन हो गया है।

VIII. नियुक्ति के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जिले के वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। इस हेतु आवेदक को किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी।

IX. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नही होगा। अंतिम रुप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

X. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/शासकीय/अर्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषण संस्था द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से समाप्त की गई है, उन्हे अपात्र उम्मीदवार की श्रेणी में रखा जावेगा।

XI. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत समान वेतन एवं समान सामर्थ्य आवेदकों को आवेदन करने की स्वतंत्रता रहेगी कि आवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व उन्हे सेवा शर्तों के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जायेगी। यह प्रमाण पत्र केवल नियोक्ता द्वारा जारी पर ही स्वीकार होगा।

XII. चयनित उम्मीद्वार को दस्तावेज सत्यापन/चयन उपरांत/कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण पत्रों की मूलप्रतियाँ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

XIII. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदन प्रपत्र में भरी गई जानकारी तथा मूल दस्तावेजों में विभिन्नता पाए जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

XIV. दस्तावेज सत्यापन एवं स्कूटनी के समय संबंधित व्यक्ति अथवा प्राधिकृत व्यक्ति यदि काउंसलिंग के समय उपस्थित नहीं है तो कार्य के प्रति रूची नहीं मानते हुए उस अभ्यर्थी का चयन निरस्त किया जावेगा।

**11. आवेदक हेतु अन्य दिशा–निर्देश :–**

I. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या परिवर्तनीय है, प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटायी व बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है।

II. भर्ती प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या का निराकरण करनें एवं अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला बलौदाबाजार का होगा।

III. जिला में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।

IV. विज्ञापित संविदा पदों की संख्या में बैकलाग शामिल हैं।

V. चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वह अन्य जगहों पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) लेंगे।

VI. विज्ञापित पद के शैक्षणिक योग्यता के प्रतिशत का अंक एवं अनुभव के अंकों को जोड़कर प्रावीण्य सूची तैयार की जावेगी, जिससे रिक्त पदों के अनुपात में कंडिका क. 05 के अनुसार उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिये आमंत्रित किया जावेगा।

VII. विज्ञापित पदों हेतु जारी प्रतिक्षा सूची की वैद्यता सूची प्रकाशन की तिथि से आगामी 01 वर्ष या अगली भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक के लिये वैध रहेगी, इस दौरान पद रिक्तता की स्थिति में उक्त प्रतीक्षा सूची से पदपूर्ति की जा सकेगी।

VIII. चयन प्रकिया के किसी भी चरण में पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा किसी तरह का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)**

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार